सीएसआईआर-हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान
पालमपुर – 176 061 (हि.प्र.)
CSIR-Institute of Himalayan Bioresource Technology
Palampur – 176 061 (H.P.)

सीएसआईआर-आईएचबीटी

"*क्लोरोफाइटम कोमोसम* (थुनब.) जैक्स वर. कोमोसम (स्पाइडर प्लांट) की वाणिज्यिक सूक्ष्मप्रवर्धन विधि/ प्रोटोकॉल"

के लिये अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित करता है।

सीएसआईआर-आईएचबीटी *क्लोरोफाइटम कोमोसम* (थुनब.) जैक्स वेर. कोमोसम (स्पाइडर प्लांट) के वाणिज्यिक सूक्ष्मप्रवर्धन विधि/ प्रोटोकॉल प्रौद्योगिकी के लाइसेंस के लिए उद्योगों / एसएमई / प्रगतिशील उद्यमियों से रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित करता है।

वैश्विक इनडोर प्लांट्स (घरों के भीतर लगाए जाने वाले पौधे) का बाजार वर्ष 2028 तक 3.91% की वार्षिक वृद्धि दर के साथ US$ 13694.78 मिलियन तक पहुंचने की संभावना है। *क्लोरोफाइटम कोमोसम* (थुनब.) जैक्स वर्स. कोमोसम, एक बारहमासी/सदाबहार प्रकंद जड़ी बूटी है, जो एस्पैरागेसी कुल से संबंधित है। इसका उपयोग ब्रोंकाइटिस और अस्थमा जैसे श्वसन रोगों के उपचार में किया जाता है। *क्लोरोफाइटम कोमोसम* की जड़ें कार्बोहाइड्रेट और कैल्शियम का अच्छा पूरक हो सकती हैं। इन विट्रो प्रक्रिया के माध्यम से प्रजनन अंगों का विकास मौसम से स्वतंत्र होता है और इसे इन विवो प्रक्रिया की तुलना में कम समय में प्राप्त किया जा सकता है। भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय दवा बाजार में इस पौधे की बढ़ती मांग इस प्रजाति को एक महत्वपूर्ण नकदी फसल बना सकती है। कुछ प्रमुख विशेषताएं इस प्रकार हैं:

- क्लोरोफाइटम कोमोसम (थुनब.) जैक्स वर्स. कोमोसम के तीव्र गुणन के लिए एक अनुकूलित समय प्रभावी प्रोटोकॉल ।
- आसानी से गुणित हो पाने वाला प्रोटोकॉल, जिससे वर्ष भर गुणवत्तायुक्त रोपण सामग्री का उत्पादन किया जा सकता है।
- ऊतक संवर्धन द्वारा उगाए गए पौधों का उपयोग दवा एवं फूलों की खेती के उद्योगों द्वारा किया जा सकता है ।

आवेदन में कंपनी प्रोफाइल और विपणन रणनीतियों का विवरण शामिल होना चाहिए। चयनित पार्टियों को चर्चा के लिए बुलाया जाएगा। इच्छुक पार्टियां एक सीलबंद कवर में "अभिरूचि की अभिव्यक्ति (ईओआई)" उल्लिखित करके निम्न पते पर अपना विवरण भेज सकती हैं।

निदेशक
सीएसआईआर-हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान
पोस्ट बॉक्स सं 06, पालमपुर (हि.प्र.) 176061
ईमेल: director@ihbt.res.in
दूरभाष: +91-1894-230411

या

समन्वयक
व्यापार विकास एवं विपणन इकाई (बीडीएमयू)
सीएसआईआर-हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान
पोस्ट बॉक्स सं 06, पालमपुर (हि.प्र.) 176061
ईमेल: bdmu@ihbt.res.in
फोन:+91-1894-233339 Ext 393
फ़ैक्स: +91-1894-230433